भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2557
दिनांक 13.03.2026 को जवाब दिया

"राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी)"

2557. श्री मिथलेश कुमारः
श्री केसरीदेवसिंह झालाः
श्री नारायण कोरागप्पाः
श्री मदन राठौड़ः
श्री मिलिंद मुरली देवराः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के विभिन्न घटकों के अंतर्गत आच्छादित कारीगरों, विशेष रूप से राजस्थान से, की कुल संख्या कितनी है;

(ख) एनएचडीपी के तहत, कारीगरों और कारीगर समूहों को समर्थन सहित प्रत्यक्ष रूप से उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस अवधि के दौरान अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों, मेलों और क्रेता-विक्रेता बैठकों में भारतीय हस्तशिल्प कारीगरों और निर्यातकों की भागीदारी बढ़ी है; और

(घ) यदि हां, तो तुलनात्मक आंकड़े और लक्षित प्रमुख बाजार का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्री गिरिराज सिंह)

(क) वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के विभिन्न घटकों के अंतर्गत, विशेष रूप से राजस्थान से, आच्छादित कारीगरों की कुल संख्या 3,255 है।

(ख) राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) योजना के अंतर्गत, पात्र एजेंसियों/कारीगरों को कौशल विकास, डिजाइन विकास कार्यशालाएं, अवसंरचना समर्थन, घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन तथा कारीगर मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण रियायत और सामाजिक सुरक्षा आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान एनएचडीपी योजना के अंतर्गत कुल 188.99 करोड़ रुपए का व्यय किया गया।

(ग) एवं (घ) एनएचडीपी के विपणन सेवाएं एवं सहायता घटक के अंतर्गत, कारीगरों/निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय मेलों, विषयगत प्रदर्शनियों एवं विदेशों में रोड शॉ, क्रेता विक्रेता बैठकों एवं रिवर्स क्रेता विक्रेता बैठकों और अंतरराष्ट्रीय शिल्प एक्सपोज़र कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत लाइव शिल्प प्रदर्शन के लिए पुरस्कार विजेता कारीगर (जैसे पद्म श्री एवं शिल्प गुरु) भी प्रतिनियुक्त किए जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 के दौरान अंतरराष्ट्रीय विपणन कार्यक्रमों में भाग लेने वाले कारीगरों/निर्यातकों की संख्या नीचे दी गई हैः

शीर्षवार ब्यौरा	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
कारीगर/निर्यातक	437	585	648	929	1114
प्रमुख बाजार (देश)	2	8	7	16	13

****